**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून/रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने प्रोफेसर अंजन सिल द्वारा विकसित अभिनव लिथियम-आयन बैटरी इलेक्ट्रोड प्रौद्योगिकियों हेतु दो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत के उन्नत ऊर्जा भंडारण पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों प्रौद्योगिकियों का आगे के विकास एवं व्यावसायीकरण हेतु कैथियन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरण किया गया है।

हस्तांतरित की गई दोनों प्रौद्योगिकियों के शीर्षक रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरी में उच्च शक्ति एवं उच्च ऊर्जा अनुप्रयोग हेतु एक नवीन इलेक्ट्रोड कॉम्पोजिट और लिथियम- आयन बैटरी हेतु एक उच्च-प्रदर्शन कॉम्पोजिट इलेक्ट्रोड हैं। ये प्रौद्योगिकियां रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरियों के विद्युत-रासायनिक प्रदर्शन, ऊर्जा घनत्व, चार्जिंग क्षमता तथा समग्र दक्षता को बढ़ाने पर केंद्रित हैं। इन नवाचारों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक्स तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुशल एवं सतत ऊर्जा भंडारण समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलने की अपेक्षा है। इस अवसर पर दोनों प्रौद्योगिकियों के आविष्कारक प्रोफेसर अंजन सिल ने कहा कि इन प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण प्रयोगशाला-स्तरीय अनुसंधान को प्रभावशाली औद्योगिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य उन्नत इलेक्ट्रोड सामग्रियों का विकास करना रहा है, जो उच्च-प्रदर्शन एवं विश्वसनीय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की बढ़ती मांग को पूरा कर सकें। कैथियन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. हरि राज ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इन उन्नत लिथियम-आयन बैटरी प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण हेतु आईआईटी रुड़की के साथ सहयोग करके प्रसन्नता हो रही है। इन नवाचारों में बैटरी प्रदर्शन को बेहतर बनाने तथा तीव्र गति से विकसित हो रहे ऊर्जा भंडारण एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्रों को समर्थन देने की मजबूत क्षमता है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के प्रायोजित अनुसंधान एवं औद्योगिक परामर्श (एसआरआईसी) के अधिष्ठाता प्रोफेसर विवेक के. मलिक ने कहा कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आईआईटी रुड़की के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण घटक है। ऐसे सहयोग अत्याधुनिक अनुसंधान को वास्तविक समाधान में परिवर्तित करने में सहायक होते हैं तथा औद्योगिक प्रगति एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर कमल के. पंत ने कहा कि आईआईटी प्रभावशाली अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा उद्योग- शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन बैटरी प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण रणनीतिक एवं उभरते क्षेत्रों में नवाचार को समर्थन देने के प्रति संस्थान के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

इन प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों को आईआईटी रुड़की के एसआरआईसी के अंतर्गत बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा सुगम बनाया गया, जो नवाचार, उद्यमिता तथा उद्योग सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

## गंगनहर में नॉनवेज बिरयानी फेंकने वाले आरोपियों पर मुकदमा

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में गंगनहर में नॉनवेज बिरयानी फेंकने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। हिंदू क्रांति दल के कार्यकर्ता चरनजीत पाहवा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मई की रात दुर्गा विहार क्षेत्र के पास दो युवक बाइक पर नीले रंग का ड्रम लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि ड्रम में नॉनवेज बिरयानी भरी हुई थी, जिसे दोनों गंगनहर में डाल रहे थे। आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक ड्रम मौके पर छोड़कर फरार हो गए। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दोनों युवक पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहे हैं और यह धार्मिक आस्था से जुड़ी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री उनियाल ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

## चिकित्सक मिले मुस्तैद, मरीजों को बेहतर उपचार व साफ-सफाई पर दिया जोर



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रायपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सभी चिकित्सक उपस्थित मिले। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने सबसे पहले पर्चा काउंटर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, वार्ड, इमरजेंसी वार्ड तथा साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री ने अस्पताल पहुंचे मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार को संचालित ईसीजी ओपीडी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सकों को अपने कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि मरीजों को दवाइयां बाहर से खरीदने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। मंत्री ने कहा कि मरीजों को सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान सीएचसी रायपुर की निर्माणाधीन नई बिल्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अत्याधुनिक संसाधनों और सुव्यवस्थित चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से अस्पताल की कार्यक्षमता में और अधिक सुधार आएगा।मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, दवाइयां तथा आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# दक्ष मंदिर जाने की बात कह घर से निकली किशोरी लापता

**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घर से निकलने के कुछ घंटे बाद किशोरी ने फोन कर परिवार को बताया कि वह कहीं जा रही है और उसे तलाश न किया जाए। फोन पर एक युवक की आवाज सुनाई देने के बाद परिवार की चिंता और बढ़ गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। जगजीतपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 21 मई की सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से निकली थी। उसने परिवार को बताया था कि वह कनखल स्थित दक्ष मंदिर में दर्शन करने जा रही है। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। सुबह करीब 11 बजकर 14 मिनट पर किशोरी के मोबाइल से उसकी मां के फोन पर कॉल आई। कॉल पर किशोरी ने कहा कि वह कहीं जा रही है और उसे ढूंढने की कोशिश न की जाए। परिजनों के अनुसार, इसी दौरान फोन पर एक युवक की आवाज भी सुनाई दी, जिसने भी तलाश न करने की बात कही। इसके बाद मोबाइल फोन बंद हो गया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के निर्देश

## स्वास्थ्य महानिदेशक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने को कहा



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून।** महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. सुनीता टम्टा द्वारा सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है।

महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य द्वारा सभी जनपदों को प्रदेश में संभावित डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के दृष्टिगत जिला स्तर पर सभी जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया है, ताकि स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर निकाय, ग्राम पंचायतों तथा अन्य संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए डेंगू की रोकथाम की कार्यवाही की जा सके। डा. टम्टा द्वारा निर्देशित किया गया कि डेंगू, चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए जल जमाव के स्रोतों को हटाने, आवश्यकतानुसार लार्वीसाइड छिड़काव एवं अन्य निरोधात्मक गतिविधियां निरंतर संचालित की जायें। बुखार के रोगियों की प्रारंभिक पहचान हेतु व्यापक फीवर सर्विलांस अभियान चलाया जाएगा तथा लक्षणों के आधार पर डेंगू की आशंका होने पर तत्काल जांच सुनिश्चित की जाए। डेंगू रोगियों की पुष्टि होने पर रोगी के घर के आसपास अनिवार्य रूप से स्प्रे, फोकल स्प्रे कराया जाएगा। साथ ही जनपदीय रैपिड रिस्पॉन्स टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सघन फीवर सर्विलांस एवं स्रोत नियंत्रण गतिविधियां संचालित की जाएं। नगर निगम, नगर पालिकाओं एवं ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यकतानुसार लार्वीसाइड छिड़काव एवं फॉगिंग गतिविधियां भी संचालित की जाए।

जिला चिकित्सालयों, बेस चिकित्सालयों एवं मेडिकल कॉलेजों में भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार पृथक डेंगू आइसोलेशन वार्ड, मच्छरदानी युक्त पर्याप्त बेड, स्टैंडर्ड केस मैनेजमेंट एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रत्येक डेंगू आइसोलेशन वार्ड हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएं। डेंगू एवं चिकनगुनिया रोगियों के समुचित उपचार हेतु चिकित्सक, नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य मानव संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गंभीर डेंगू रोगियों के उपचार हेतु प्लेटलेट्स की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त डेंगू जांच केंद्रों पर ईएलआईएसए जांच किट एवं अन्य आवश्यक जांच सामग्री की समयबद्ध उपलब्धता निरंतर सुनिश्चित की जाए। डेंगू से बचाव, मच्छरों की रोकथाम एवं स्वच्छता संबंधी उपायों के प्रति लोगों में व्यापक जागरूकता की जाये।

# ब्रह्मकमल शक्ति संस्था ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

**देहरादून।** डीएवी इंटर कॉलेज प्रेमनगर में ब्रह्मकमल शक्ति संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर कौलागढ़, प्रेमनगर, पण्डितवाड़ी, बल्लूपुर एवं कैंट स्थित 5 विद्यालयों के 2026 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके परिजनों, गुरुजनों एवं प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 289 छात्र-छात्राओं, 180 अभिभावक एवं 27 गुरुजनों व प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया, जिससे समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व एवं प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष अभिनव थापर ने कहा कि शिक्षा केवल सफलता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त एवं विकसित समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि आज के मेधावी युवा ही आने वाले समय में उत्तराखंड एवं देश की दिशा और दशा तय करेंगे। मेधावी युवा समाज, प्रदेश व राष्ट्र का भविष्य है। समारोह में खण्ड विकास अधिकारी कुंदन सिंह, प्रधानाचार्य विजय सिंह राजपूत, संस्था उपाध्यक्ष अमिता आहूजा, शालिनी कुड़ियाल, शिवानी घेटवाल प्रधानाचार्य, पूनम नेगी प्रधानाचार्य गोरखा मिलिटरी इंटर कॉलेज, अनीता जोशी प्रधानाचार्य भवानी बालिका इंटर कॉलेज बल्लूपुर, डीएवी प्रेमनगर विद्यालय के 1969 बैच के पूर्व छात्र अर्जुन कोहली, अवदेश कुमार आदि थे।


## सूचना

मेरे आधार कार्ड संख्या 635669115947 में त्रुटिवश मेरा नाम मीरा देवी (MEERA DEVI) व जन्म तिथि 01-01-1955 गलत अंकित हुई है। मेरा सही व वास्तविक नाम मोतिमा देवी (MOTIMA DEVI) व सही जन्मतिथि 10-11-1959 है, जो मेरे पति श्री सुजान सिंह के पेंशन दस्तावेजों में अंकित है। **मोतिमा देवी पत्नी श्री सुजान सिंह निवासी ग्राम नगला, उप तहसील व थाना नानकमत्ता, (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड**


# गंगा दशहरा पर हरिद्वार में ट्रैफिक प्लान जारी भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

## वीकेंड और स्नान पर्व को देखते हुए रूट डायवर्जन व पार्किंग व्यवस्था तय

**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** श्री गंगा दशहरा स्नान पर्व और वीकेंड के मद्देनजर हरिद्वार पुलिस ने 23 से 25 मई 2026 तक के लिए विस्तृत यातायात प्लान जारी किया है। पुलिस के अनुसार स्नान पर्व के दौरान यातायात दबाव बढ़ने पर भारी वाहनों को शहर की सीमाओं पर ही रोक दिया जाएगा।

एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर और पंजाब की ओर से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। सामान्य स्थिति में वाहनों को गुरुकुल कांगड़ी होते हुए शंकराचार्य चौक से शहर में प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अधिक दबाव होने पर नगलाइमरती से डायवर्जन कर बैरागी कैंप पार्किंग की ओर भेजा जाएगा।

देहरादून और ऋषिकेश से आने वाले वाहनों के लिए नेपाली फार्म-रायवाला मार्ग निर्धारित किया गया है, जहां लालजीवाला और पंतद्वीप पार्किंग का उपयोग होगा। वहीं नजीबाबाद और मुरादाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को चिड़ियापुर-श्यामपुर मार्ग से लाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि चीला मार्ग को केवल एक्जिट के लिए प्रयोग किया जाएगा और आवश्यकतानुसार नहर पटरी मार्ग का भी उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा ऑटो और विक्रम वाहनों के लिए भी विशेष डायवर्जन प्लान लागू रहेगा।

# उत्तराखंड के पहले एआई समर एरीना का डीजी सूचना ने किया शुभारंभ



**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए मॉल ऑफ देहरादून में एमओडी एआई समर एरीना का शुभारंभ किया गया। उत्तराखंड के पहले एआई समर कैंप का उद्घाटन सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने किया। यह विशेष आयोजन 22 मई से 28 जून तक चलेगा, जिसमें बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और नई तकनीकों को समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि आज की पीढ़ी को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार की सोच को विकसित करते हैं। उन्होंने इस पहल को उत्तराखंड के लिए एक सकारात्मक और दूरदर्शी कदम बताया। एमओडी एआई समर एरीना में बच्चों के लिए कई आकर्षक और सहभागितापूर्ण गतिविधियाँ तैयार की गई हैं। इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित एआई डॉग बना हुआ है, जिसने हाल ही में दिल्ली के मेले में भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। यह स्मार्ट रोबो डॉग बच्चों की आवाज़ और गतिविधियों पर प्रतिक्रिया देता है, जिससे बच्चे तकनीक और इंसानों के बीच संवाद को बेहद रोचक तरीके से समझ पा रहे हैं। इसके अलावा एआई होलोबॉक्स, स्केच बॉट और स्वयं निर्माण प्रयोगशाला जैसी गतिविधियाँ बच्चों को तकनीक को केवल देखने नहीं, बल्कि उसे स्वयं अनुभव करने और समझने का अवसर देती हैं।

स्वयं निर्माण प्रयोगशाला में बच्चे खुद कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मॉडल और रोबोट बनाकर सीख रहे हैं। पैसिफिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक अभिषेक बंसल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को भविष्य की दुनिया के लिए तैयार करना और उनकी जिज्ञासा को नई दिशा देना है। यह आयोजन सीख, मनोरंजन और नवाचार का अनूठा संगम बनकर उभर रहा है। इस मौके पर पत्रकारों को माल की असिस्टेंट जनरल मैनेजर देविका सिंह तिवारी ने संबोधित किया


## कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, जनपद नैनीताल स्थित हल्द्वानी विज्ञप्ति का प्रारूप

उत्तराखण्ड परियोजना विकास निर्माण निगम लिमि. के पत्र संख्या 177/पी.एम.-03/पी.आई.यू. जे./2025-26 दिनांक 04 अप्रैल 2026 के क्रम में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग नैनीताल के पत्र संख्या 211/भू.खनि.वि./ खनन /2026-27 दिनांक 06 मई 2026 के द्वारा ग्राम अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग के 1.050 कि.मी. से 1.270 किमी. (डेहरा क्षेत्र) में जमरानी बांध परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण से उत्सर्जित मलवे को ग्राम अमृतपुर स्थित डम्पिंग जोन में एकत्रित किया गया है का स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डम्पिंग जोन में कुल 75.445 घनमीटर अर्थात 1.35,801 टन मलवा/आर.बी.एम. एकत्रित पाया गया, जिसका आधार मूल्य रु. 2,17,28,160/- (रुपये दो करोड़ सत्रह लाख अट्ठाइस हजार एक सौ साठ मात्र) आंगणित होता है। राजस्व हित को देखते हुए उक्त एकत्रित मलवा/आर.बी.एम. उपखनिज की नीलामी **उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली 2024 के अध्याय-3 के बिन्दु सं. 5 (क) के प्राविधानानुसार की जानी है :-**

अत: उपरोक्तानुसार उपखनिज मलवा / आर.बी.एम. की सार्वजनिक खुली नीलामी की कार्यवाही दिनांक 06.06.2026 को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग कार्यालय हल्द्वानी में की जानी है। कृपया उक्त नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु खनन कार्यालय, हल्द्वानी में दिनांक 05.06.2026 को सायं 5.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर दें। दिनांक 05.06.2026 को सायं 5 बजे के बाद किये गये आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। इस नीलामी से सम्बन्धित अभिलेख व अन्य जानकारी चाहने हेतु कार्यालय, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, हल्द्वानी में सम्पर्क कर सकते हैं। निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा:-

**प्रभारी जिला खान अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, जनपद नैनीताल**


# जुड़वा बच्चे की मौत के कुछ घंटों बाद पिता ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी राघवेंद्र जोशी ने गुरुवार को अपने तीन वर्षीय जुड़वा बच्चे की संदिग्ध मौत के कुछ घंटों बाद ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुखद घटना ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे राघवेंद्र की पत्नी बबली जोशी शिवमूर्ति गली स्थित होटल से अपने दोनों जुड़वा बच्चों को लेकर जिला मेला अस्पताल पहुंची। चिकित्सकों ने जांच के बाद एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे बच्चे को उपचार के लिए भर्ती किया गया। दूसरे बच्चे की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

मृत बच्चे की मौत का कारण प्रथम दृष्टया स्पष्ट नहीं हो सका। अस्पताल पहुंची पुलिस ने बबली से पूछताछ की और पति राघवेंद्र से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन बंद मिला।

देर शाम कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान राघवेंद्र जोशी के रूप में की, जिसकी पुष्टि उनकी पत्नी बबली ने भी की। राघवेंद्र अपनी पत्नी और जुड़वा बच्चों के साथ सिडकुल के रावली महदूद में किराए पर रहते थे और कपड़ों की फेरी करते थे। दो-तीन महीने पहले वे परिवार के साथ मध्य प्रदेश गए हुए थे। बुधवार रात ही वे वापस हरिद्वार लौटे और मूर्तिवाली गली के होटल में ठहरे थे।

## मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी तेज

**हरिद्वार।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को बीएचईएल कन्वेंशन हॉल में 25-हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बूथ लेवल सुपरवाइजर और विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार और निर्धारित प्रपत्रों की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पुनरीक्षण कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र सरखेत पहुंचे मंत्री गणेश जोशी

**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को सरखेत पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे विकास एवं सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बरसात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र में मलवे की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल मलवे के चौनेलाइजेशन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। मंत्री गणेश जोशी ने सरखेत क्षेत्र में आपदा के मलवे के चौनेलाइजेशन एवं सुरक्षात्मक कार्यों के लिए विधायक निधि से 5 से 10 लाख रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने की बात कही।

उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास एवं सुरक्षा को लेकर गंभीर है और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, सिंचाई विभाग के ईई दीक्षांत गुप्ता, तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सागर पंवार, बालम सिंह, पंचम सिंह रावत, विशाल पंवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में रीप परियोजना के तहत आपदा प्रभावित ग्राम पंचायतों की महिला समूह के उद्यम परिवारों को रुपये 14.25 लाख की लागत के आर्थिक सहायता के चैक वितरित किए। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आजीविका को पुन: सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं आजीविका को बढ़ावा देने के साथ-साथ आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।


## इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

सी आई एन: L24111UR1983PLC009097

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

दूरभाष: +91 5947 269000/269500; फैक्स: +91 5947 275315/269535

ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com; वेबसाइट: www.indiaglycols.com

**सदस्यों के लिए सूचना**

**विषय: कम्पनी के इक्विटी शेयरो का विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण को हस्तांतरण**

कम्पनी के शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') के प्रावधानों के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 सहित वर्तमान में उस पर लागू कोई सांविधिक संशोधन या पुन: अधिनियमन (''नियम'') के अनुसरण में, कम्पनी को निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (''आई ई पी एफ प्राधिकरण'') में ऐसे शेयरों को हस्तांतरित करना अनिवार्य है जिनके संबंध में निरंतर 7 (सात) या अधिक वर्षों से लाभांश अवैतनिक या अदावाकृत हैं। इसलिए, सभी इक्विटी शेयर जिनके संबंध में वित्तीय वर्ष 2018-19 से निरंतर 7 (सात) वर्षों से लाभांश अवैतनिक या अदावाकृत है, वे नियमों के अनुसार आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

कथित नियमों के अनुपालन में, कम्पनी ने ऐसे शेयरधारकों को उचित कार्यवाही हेतु व्यक्तिगत रूप से उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर सूचना भेज दी है जिनका लाभांश निरंतर 7 (सात) या अधिक वर्षों से अवैतनिक या अदावाकृत है। शेयरधारकों का नाम, फोलियो नं. और/या डीपी आईडी - क्लाइंट आईडी तथा आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले शेयरों की संख्या के साथ ऐसे शेयरधारकों का पूरा विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com (वेब-लिंक: https://www.indiaglycols.com/compliances/) पर अपलोड किया गया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये जाने वाले शेयरों के विवरणों की जांच कर लें।


सदस्यगण जिन्होंने वर्ष 2018-19 और उसके बाद अपने लाभांश का दावा नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे 10 सितंबर, 2026 तक या उससे पूर्व अदावाकृत लाभांश का दावा कर लें। यदि कंपनी को उपरोक्त तिथि तक संबंधित शेयरधारकों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो कम्पनी नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का पालन करते हुए ऐसे शेयरों को आई ई पी एफ प्राधिकरण को डिमेटिरियलाइज्ड और हस्तांतरित करने के प्रयोजन हेतु भौतिक प्रारूप में धारित शेयरों के मामले में मूल शेयर प्रमाणपत्रों के स्थान पर नये शेयर प्रमाणपत्र बिना किसी अतिरिक्त सुचना के जारी करेगी और ऐसे शेयरो के हस्तांतरण के बाद मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) जो उनके नाम पर पंजीकृत हैं, स्वत: ही निरस्त हो जाएंगे और गैर-विनिमेय माने जाएंगे। शेयरधारक इस बात पर भी ध्यान दें कि कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरणों को ही नये शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) जारी करने के संबंध में पर्याप्त सूचना माना जाएगा। यदि सम्बन्धित शेयरधारक द्वारा डीमेट प्रारूप में शेयर धारण किए गए है तो कम्पनी आई ई पी एफ प्राधिकरण के डीमेट खाते में ऐसे शेयरों के हस्तांतरण के लिए कॉर्पोरेट प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित डिपॉजिटरी को सूचित करेगी।

कृपया ध्यान दें कि कथित नियमों के अनुपालन में आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये गये अदावाकृत लाभांश और शेयरों के संबंध में कंपनी के विरूद्ध कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। यद्यपि, संबंधित शेयरधारक आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित अदावाकृत लाभांश(शों) और आई ई पी एफ प्राधिकरण को हस्तांतरित शेयरों सहित ऐसे शेयरों पर मिलने वाले लाभ, यदि कोई हो, के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया का पालन और नियमों के अनुसार निर्धारित दस्तावेज जमा करने के बाद उसे वापिस पाने के लिए आई ई पी एफ प्राधिकरण के पास अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। शेयरधारक वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत विवरणों का भी अवलोकन कर सकते हैं। उपरोक्त विषय में आगे किसी भी सूचना/स्पष्टीकरण के लिए शेयरधारक कम्पनी के प्रधान कार्यालय प्लॉट नं. 2-बी, सैक्टर-126, नोएडा-201304, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश (ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com) में कम्पनी सचिव को या कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, 179-180, तृतीय तल, डीएसआईडीसी शेड, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली-110020 (ई-मेल: admin@mcsregistrars.com) को लिख सकते हैं।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अंकुर जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 22.05.2026


# मेयर किरण जैसल ने लघु व्यापारियों को वितरित किए लाईसेंस व विक्रय प्रमाण पत्र



**उत्तर उजाला ब्यूरो**


**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने जोन ललतारो पुल चण्डी चौराहा मार्ग, भगत सिंह चौक सेक्टर-2 बैरियर और ज्वालापुर पुल जटवाड़ा वेडिंग जोन के लघु व्यापारियों के साथ बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन, भीमगोडा काली मंदिर मार्ग तथा अन्य क्षेत्रों के हाथ ठेली वालों को लाइसेंस एवं विक्रय प्रमाण पत्र वितरित गए। मेयर किरण जैसल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में लघु व्यापारियों को शोषण मुक्त रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम के सभी क्षेत्रों में रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर लघु व्यापारियों का सर्वे कराकर नए वेंडिंग जोन की स्थापना की जाएगी।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने सभी लघु व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों की ओर से मेयर किरण जैसल का स्वागत कर आभार जताते हुए कहा कि कुंभ मेला 2027 के आयोजन में नगर निगम में पंजीकृत सभी रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को पार्किंगो के नजदीक कारोबार करने की अनुमति दी जाए तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि स्थानीय निकाय अर्बन मिशन परियोजना के तहत सार्वजनिक स्थलों के नजदीक बाजार वेंडिंग जोन के रूप में छोटे-छोटे बाजार स्थापित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि गंगा हजारों महिलाएं घाटों पर बिंदी, चूड़ी, माला, फूल प्रसाद आदि बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। सभी की जीविका संचालित रहे। मेला प्रशासन को इस पर भी ध्यान देना चाहिए तथा उचित प्रबंध करने चाहिए। इस दौरान नगर निगम के वरिष्ठ लिपिक शिवसिंह चौहान, सिटी मिशन मैनेजर अंकित सिंह रमोला, कर्मचारी तनिश अहमद के साथ फेरी समिति के सदस्य कमल सिंह, तस्लीम अहमद, सुमन गुप्ता, आशा कश्यप, राजकुमार सहित नीतिश अग्रवाल, कपिल कुमार, अनुज त्रिवेदी, लालचंद गुप्ता, विजय गुप्ता, भोला यादव, ओमप्रकाश, सुरेश कांति, मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, देवेश गुप्ता, सुनील कुमार, विकास सक्सेना, प्रद्युम्न सिंह आदि लघु व्यापारी नेता तथा बड़ी संख्या में लघु व्यापारी मौजूद रहे।

## शराब के लिए पैसे न देने पर पत्नी से मारपीट

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि पति शराब के नशे में आए दिन झगड़ा करता है और पैसे नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करता है। शिवालिक नगर निवासी आरती देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति भानु प्रताप लंबे समय से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है। परिवार का खर्च और बच्चों की जिम्मेदारी वह मजदूरी कर खुद उठा रही है, जबकि पति कोई काम नहीं करता और शराब पीने के लिए उससे पैसे मांगता है। महिला का आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर पति मारपीट करता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर उसके चरित्र को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखकर बदनाम करने की कोशिश भी करता है। शिकायत के अनुसार, 20 मई की रात करीब 11:15 बजे आरोपी ने फेसबुक पर महिला और उसके कार्यस्थल को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डाली।

# भीषण गर्मी का असर, लक्सर में दोपहर के समय सन्नाटा



**हरिद्वार/लक्सर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तेज धूप और उमस के कारण दोपहर के समय लक्सर और सुल्तानपुर के बाजारों व मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही में भारी कमी देखने को मिल रही है।

हालात यह हैं कि कई जगहों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा नजर आता है। स्थानीय व्यापारियों बिजेंद्र सिंह और आशीष कुमार का कहना है कि भीषण गर्मी का असर सीधे तौर पर कारोबार पर पड़ रहा है। सुबह के समय कुछ ग्राहक बाजार पहुंचते हैं, लेकिन दोपहर होते-होते लोग घरों में ही रहना बेहतर समझते हैं, जिससे दुकानों पर ग्राहकों की संख्या घट जाती है। फल व ठंडे पेय पदार्थ विक्रेता भोला, मेहरबान और राजन कर्णवाल के अनुसार, लोग गर्मी से बचने के लिए शाम के समय ही बाजार का रुख कर रहे हैं। यही कारण है कि दिनभर शांत रहने वाले बाजारों में देर शाम कुछ रौनक लौटती है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि तेज गर्मी और लू के चलते डिहाइड्रेशन और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लोगों से पर्याप्त पानी पीने और धूप में निकलते समय जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की गई है।